शपथ ग्रहण समारोह

CSCA Hknahan 03 Nov, 2023

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में आज दिनांक 3 नवंबर 2023 को सत्र 2023 - 24 के लिए महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदया ने दीप प्रज्वलन के साथ किया तत्पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अंग्रेजी विभाग के प्रो. राजन कौशल ने मुख्य अतिथि, प्राध्यापकों तथा सभी मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया तथा केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों के मनोनयन प्रक्रिया पर संक्षेप में प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्ष आशिता बी. ए. तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष निखिल बी. कॉम तृतीय वर्ष तथा वरिष्ठ सह आचार्य जगमोहन ने पायल शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा सह सचिव शिखा शर्मा बी. ए. प्रथम वर्ष और महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक वर्ग ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। इसके पश्चात प्राचार्य महोदया ने अपने संबोधन में सभी मनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं दी और महाविद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मनोनीत सदस्यों को महाविद्यालय प्रशासन के साथ एक सेतु के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक ,गैर शिक्षक कर्मचारी और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।